सेब की अनूठी किस्में (Unique Varieties of Apples)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/unique-varieties-of-apples

- कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA) ने हिमाचल प्रदेश उद्यान-विज्ञान उत्पाद विपरण एवं प्रसंस्करण निगम लिमिटेड (HPMC) के सहयोग से बहरीन को सेब की पाँच अनूठी किस्मों की पहली खेप का निर्यात किया है। इसमें **रॉयल डिलीशियस, डार्क बैरन गाला, स्कार्लेट स्पर, रेड वेलॉक्स तथा गोल्डन डिलीशियस किस्म के सेब** शामिल हैं।
- हिमाचल प्रदेश के किसानों से प्राप्त सेब की इन किस्मों को बहरीन के अग्रणी खुदरा विक्रेता अल-जज़ीरा ग्रुप द्वारा आयोजित 'सेब संवर्धन कार्यक्रम' के तहत प्रस्तुत किया जाएगा। इस प्रदर्शनी की शुरुआत 15 अगस्त, 2021 से की जाएगी। सेब संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन बहरीन के उपभोक्ताओं को भारत में उत्पादित सेब की किस्मों से परिचित कराने के लिये किया जा रहा है।
- इस पहल की शुरुआत ऐसे समय में की गई है, जब भारत **कोविड-19 महामारी** से उत्पन्न लॉजिस्टिक चुनौतियों के बावजूद विभिन्न देशों में आम के निर्यात को बढ़ावा दे रहा है। इससे पूर्व जुलाई 2021 में पूर्वी क्षेत्रों से विशेष रूप से मध्य-पूर्व देशों में आम के निर्यात को बढ़ावा देने के लिये **पश्चिम बंगाल के मालदा ज़िले के भौगोलिक संकेतक प्राप्त फ़ाज़िल आम की खेप बहरीन को निर्यात** की गई थी।
- कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण गैर-पारंपरिक क्षेत्रों तथा राज्यों से फलों व सब्जियों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिये ऐसे कदम उठाता रहा है। इसने आम के निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिये क्रेता-विक्रेता सम्मेलनों तथा उत्सवों के आयोजन भी किये हैं।

X